न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या : 85/2023

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा : 131, 136 भू0राजस्व अधिनियम

निर्णय दिनांक : 10/10/2023

प्रार्थीगण ग्राम शिकारपुरा केशाराम वगेराह द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रशासन गावों के संग 2023 कैम्प ग्राम पंचायत शिकारपुरा में कमांक 16 दिनांक 19.05.2023 को इंदाज हुआ जिसके अनुसार ग्राम शिकारपुरा के खसरा संख्या 397/1 व 3397/2 की तरमीम शुद्व करने का निवेदन किया गया। जो कि तथ्यात्मक जांच कर रिपोर्ट बाबत तहसीलदार लूणी को भिजवाया गया।

तहसीलदार लूणी द्वारा पत्रांक /भू0अ0/2023/1220 दिनांक 17.07.2023 के जरिये हल्का पटवारी कांकाणी की विस्तृत रिपोर्ट एवं भू0अ0नि0 काकांणी की टिप्पणी सहित प्रकरण भिजवाया गया। जो शामिल पत्रावली है। उक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि जमांबदी संवत 2076–2079 के खाता संख्या 381 ग्राम शिकारपुरा के खसरा संख्या 397/2 रकबा 12.8609 हैक्टयेर की किस्म गैर मुमकिन आबादी ग्राम पंचायत शिकारपुरा के अधीन तथा खसरा सख्या 397/1 रकबा 5.9327 हैक्टयेर किस्म गैर मुमकिन गौचर जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम दर्ज है। मिसल बंदोबस्त अनुसार उक्त दोनो खसरो का कुल रकबा 116.02 बीघा है। ग्राम शिकारपुरा के नामान्तकरण संख्या 263 के द्वारा खसरा नम्बर 397/1 रकबा 116.02 बीघा में से 79.09 बीघा गैर मुमकिन आबादी ग्राम पंचायत शिकारपुरा को आवंटन आदेश कमांक 1452 दिनांक 12.03.1980 को राजस्व रिकार्ड में इंद्राज हुआ ।

उक्त नामान्तकरण की पुश्त पर आबादी के लिए आवंटित भूमि का नजरी नक्शा अंकित होना पटवारी रिपोर्ट में बताया गया है तथा प्रमाणित प्रतिलिपि पत्रावली में उपलब्ध है। साथ ही इस रिपोर्ट अनुसार इस प्रस्तावित क्षेत्र में सघन आबादी बसी हुई होना बताया गया। इस नामान्तकरण संख्या 263 की पुश्त पर अंकित नजरी नक्शे अनुरुप तरमीम दुरुस्ती किये जाने की हल्का पटवारी , भू0अ0नि0 कांकाणी एवं तहसीलदार लूणी द्वारा अनुशंषा की गई।

अतः इस आधार पर प्रार्थीगण ग्राम शिकारपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 19.05.2023 को अंतर्गत धारा 131, 136 भू0 राजस्व अधिनियम के स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिये जाते है कि हल्का पटवारी शिकारपुरा की रिपोर्ट दिनांक 17.07.2023 एवं ग्राम शिकारपुरा के नामांन्तकरण संख्या 263 की पुश्त पर अंकित नजरी नक्शा अनुरुप ग्राम शिकारपुरा के खसरा संख्या 397/1 एवं 397/2 की तरमीम दुरुस्ती करें। आदेश सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दफतर दाखिल हो।

न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी, जोधपुर

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी

Scanned by CamScanner

कार्यालय सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी लूणी

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्याः—85 / 2023
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा :—131,136 भू0राजस्वव अधिनियम

संशोधित आदेश

दिनांकः— 23/10/2023

इस न्यायालय के राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 85 / 2023 निर्णय दिनांक 18.10.2023 मे आंशिक संशोधन करते हुए पैरा संख्या प्रथम पंक्ति संख्या तीन मे खसरा संख्या 3397 / 2 की जगह 397 / 2 एवम् पैरा संख्या 4 मे पंक्ति संख्या 3 मे दिनांक 17.07.2023 के स्थान पर 10.07.2023 पढा जावे। शेष आदेश यथावत रहे।

(पुखराज कंसोटिया)
सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी
उपखण्ड अधिकारी एव
उपखण्ड मजिस्ट्रेट लूणी

Scanned by CamScanner